Title: Need to provide reservation for the most backward classes.

*m01

श्री ब्रहमानन्द मंडल (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत काफी महत्वपूर्ण सवाल उठा रहा हूं। देश की कुल आबादी में से ३२-३३ करोड़ लोग अति पिछड़े हुये हैं। बिहार में कर्पूरी ठाकुर फार्मूले के तहत बिहार सरकार ने सेवाओं में १५ परसेंट आरक्षण अति पिछड़ों के लिये किया है। उ.प्र. में जब श्री बहुगुणा जी मुख्यमंत्री थे तो उस समय एक कमेटी सायी आयोग ने रिपोर्ट दिया था जिसमें अति पिछड़ों की आबादी ३४ परसेंट बताई थी। कर्नाटक में भी पिछड़ों मे से अति पिछड़ों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार तमिलनाडु में भी पिछड़ों मे अति पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान है। केन्द्रीय सेवाओ में मंडल आयोग के आधार पर २७ परसेंट आरक्षण है लेकिन उसमें अति पिछड़ों के लिये अलग से कोई आरक्षण नहीं है। मुझे याद है कि १९९१-९२ में जब इस सदन में बहस हुई थी तो सभी राजनैतिक दलों के नेताओं ने भाषण किया था । उस समय उन्होंने कहा था कि अति पिछड़ों के लिये सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से आरक्षण होना चाहिये लेकिन जब आरक्षण किया गया तो बताया गया कि मंडल कमीशन ने इस पर चर्चा नहीं की है, इसलिये सिर्फ पिछड़ों के लिये आरक्षण होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि आज हम देख रहे हैं कि सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से मजबूत जातियो को आरक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि इनको आरक्षण मिलना चाहिये...

उपाध्यक्ष महोदय : आप यह बताइये कि सैंट्रल गवर्नमेंट से क्या चाहते हैं?

श्री ब्रहमानन्द मंडल : हम यह कहना चाहते हैं कि आज दलित भी आरक्षण मांग रहे हैं, जाटों को आरक्षण मिलना चाहिये...

उपाध्यक्ष महोदय : आप कहना क्या चाहते हैं, जल्दी बताइये।

श्री ब्रहमानन्द मंडल (मुंगेर) : मुझे दो मिनट दीजिये क्योंकि अब महिला आरक्षण बिल आने वाला है। ऐसी परिस्थिति में जब हर राजनैतिक दल में अति पिछड़ों को अनदेखा किया जा रहा है, ऐसे समय में क्या यह समझना चाहिये कि महिला आरक्षण विधेयक पास हो जायेगा? यह न्याय नहीं होगा। माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि सैंट्रल गवर्नमेंट की सेवाओं में २७ परसेंट आरक्षण है लेकिन उसमें अति पिछड़ों के लिये १७ परसेंट आरक्षण का प्रावधान होना चाहिये। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण है (व्यवधान) ...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record now.

(Interruptions) *

---

*Not Recorded.